# एयरपोर्ट तक छह नए रूटों पर दौड़ लगाएंगी ई-बसें

## यीडा ने चार नए रूटों का प्रस्ताव रोडवेज निगम को भेजा, दो रूटों पर बन चुकी है सहमति

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट के संचालन से पहले यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) शहर में छह प्रमुख रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन कराने की कवायद में जुटी है। इन रूटों के जरिये एयरपोर्ट को यमुना सिटी के साथ ही नोएडा, ग्रेनो और आसपास के जिलों की कनेक्टविटी बेहतर की जाएगी। प्रस्तावित छह रूटों में दो रूट रोडवेज निगम ने मंजूर कर दिया है। बाकी चार रूटों का प्रस्ताव यीडा ने निगम को भेज दिया है। इन रूटों पर सहमति बनने के बाद जेवर, बुलंदशहर, सिकंदराबाद, खुर्जा, टप्पल समेत शहरों के बीच परिवहन की सुविधा मिलेगी।

अप्रैल में एयरपोर्ट से उड़ान प्रस्तावित है। ऐसे में गौतमबुद्ध नगर के अलावा बुलंदशहर और अलीगढ़ के यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यीडा बसों के नए रूट पर मंथन कर रहा है। प्राधिकरण ने बुलंदशहर, अलीगढ़ के अलग अलग क्षेत्रों से एयरपोर्ट तक बसों के संचालन का निर्णय लिया है। रोडवेज निगम को नए रूटों का प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। मंजूरी मिलने के बाद ऑपरेटर को नियुक्त करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी की जाएगी। इन रूटों पर कुल 175 बसों का संचालन होगा। यह बसें यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकर, एयर कंडिशन समेत सभी प्रकार की सुविधाओं से लैस होंगी। सीटों की गुणवत्ता भी अन्य बसों की तुलना में काफी आरामदायक होगी। हाई रेजोल्यूशन कैमरे की देखरेख में यात्री बसों में सफर कर सकेंगे।

यमुना सिटी में एयरपोर्ट के लिए परी चौक से जेवर एयरपोर्ट वाया रबुपुरा और कासना बस डिपो से एयरपोर्ट वाया गलगोटिया विश्वविद्यालय रूट को मंजूरी मिली है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ने रबुपुरा से यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए बॉटेनिकल गार्डन और यीडा दफ्तर से बॉटेनिकल गार्डन तक भी बसें चलाई थीं, अक्टूबर में सवारी न मिलने से संचालन बंद हो गया। इन बसों से यमुना प्राधिकरण को प्रतिमाह 25 लाख रुपए की हानि हो रही थी।



नोएडा एयरपोर्ट

"नए रूटों का प्रस्ताव यूपीएसआरटीसी को भेजा गया है। मंजूरी मिलने के बाद बसों के संचालन के लिए आरएफपी निकाली जाएगी। - डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण

### एप से होगी मॉनिटरिंग

इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पहले यात्रियों की सहूलियत के लिए एप विकसित किया जाएगा। इस एप के जरिये यात्री बसों की एडवांस टिकट बुकिंग करा सकेंगे। इसी एप से बसों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

### नए चार रूट प्रस्तावित

- नोएडा सेक्टर-35 से एयरपोर्ट होते हुए परी चौक व टप्पल तक
- एयरपोर्ट से रबूपुरा होते हुए बुलंदशहर
- खुर्जा से एयरपोर्ट होते हुए टप्पल तक
- सिकंद्राबाद से ककोड़, झाझर से एयरपोर्ट तक